प्रेषक,

सहदेव,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खाद्य प्रसंस्करण अनुभाग **लखनऊः दिनांकः 27 मार्च, 2020**

विषयः **वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-10 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2401-119-04-0409-खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण एवं विधायन की योजनान्तर्गत मजदूरी, विद्युत, जलकर, किराया आदि मदों में लम्बित दायित्वों के भुगतान हेतु धनराशि रू0-72.72 लाख की व्यवस्था पुनर्विनियोग के माध्यम से कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-112/बजट/2019-20 दिनांक 16.03.2020 के सन्दर्भ में एवं शासन के पुर्नविनियोग संख्या-आर0ई0-699/ई-1/दस-2020, दिनांक-25.03.2020 पृष्ठांकन संख्या-257/58-2-2020-300(15)/2017 दिनांक-26.03.2020 की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-10 के अन्तर्गत लेखाशीर्षकलेखाशीर्षक-2401-119-04-0409-खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण एवं विधायन की योजना के मद संख्या-01-वेतन में पदों की रिक्तिता के कारण हो रही सम्भावित बचतों के सापेक्ष लेखाशीर्षक-2401-119-04-0409-खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण एवं विधायन की योजनान्तर्गत मद संख्या-02-मजदूरी-05-स्थानान्तरण यात्रा व्यय-09-विद्युत देय-10-जलकर/ जलप्रभार-17-किराया उपशुल्क और कर-स्वामित्व-49-चिकित्सा व्यय मद में रू0-62.12 (रूपया बासठ लाख बारह हजार मात्र)** की व्यवस्था पुर्नविनियोग के माध्यम से निम्नलिखित मदवार विवरण/शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय किये जाने हेतु आपके निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि लाख रूपये में)

अनुदान सं0	लेखाशीर्षक/मद का नाम	कोड सं0/ मद का नाम जिसमें बचत हो रही है	बचत की धनराशि	कोड सं0/मद का नाम जिसमें पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि अपेक्षित है	पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि अपेक्षित है
10	2401-फसल कृषि कर्म-119-बागवानी तथा वनस्पति की फसलें 04-फल-0409- खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण एवं विधायन की योजना	01-वेतन	72.72	09-विद्युत देय	10.33
				10-जलकर/जलप्रभार	12.78
				17-किराया उपशुल्क और कर-स्वामित्व	10.81
				49-चिकित्सा व्यय मद	28.20
	योग-				62.12

(रूपया बासठ लाख बारह हजार मात्र)

1- अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय नियमानुसार किया जायेगा। विचलन की स्थिति में इसके लिए निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण/मुख्य वित्त नियंत्रक/आहरण वितरण अधिकारी एवं सम्बन्धित जनपदीय अधिकारी सीधे उत्तरदायी होंगे।

.....2/-

http://snasanadesh.up.gov.in

2- अवमुक्त की जा रही धनराशि का किसी अन्य मद में किसी भी दशा में व्यय नहीं किया जायेगा। अन्य मद में किया गया व्यय वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी। इसके लिए संबंधित अधिकारी सीधे उत्तरदायी होंगे।

3- उक्त धनराशि के व्यय करने के पूर्व जहां आवश्यक होगा सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति प्राप्त कर ली जायेगी।

4- व्यय की गयी धनराशि का विवरण उपलब्ध कराया जायेगा। यदि उक्त मद में कोई धनराशि बचती है तो उसे शासन को यथासमय समर्पित किया जायेगा।

5- उक्त धनराशि को पुर्नविनियोग के निर्धारित प्रपत्र सं0 बी0एम0-9 पर संलग्नक के अनुसार वित्त विभाग की सहमति से व्यवस्थित की गयी है।

6- उक्त धनराशि का व्यय उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों के प्राविधानों के अनुसार नियंत्रक अधिकारी के नियंत्रण में किया जायेगा।

7- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-1/2018/बी-1-170/दस-2019-231/2018, दिनांक-22.03.2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जारहे हैं।

भवदीय,

संलग्नक-यथोक्त

(सहदेव)
विशेष सचिव।

संख्या-51/2020/295(1)/58-2-2020, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
4- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2 को तीन प्रतियों में।
5- वित्त (व्यय नियन्त्रण) अनुभाग-1
6- वित्त नियन्त्रक/आहरण वितरण अधिकारी निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उ0प्र0 लखनऊ।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शकील अहमद सिद्दीकी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in